भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5190 का उत्तर

नई रेल सेवाएं

5190. श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिलः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) किसी भी मार्ग पर नई रेल सेवाएं शुरू करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं;

(ख) इस तथ्य के बावजूद भी कि भुसावल से चलने वाली सभी रेलगाड़ियों में प्रतिदिन की प्रतीक्षा-सूची 300 से 400 होती है, भुसावल से सीएसटीएम/पुणे तक नई रेल सेवाएं शुरू न करने के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/ किए जाने का विचार है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): भारतीय रेल पर गाड़ियां चलाना अन्य बातों के साथ-साथ परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, यातायात की मांग आदि जैसे कारकों पर निर्भर करता है। इस समय, भुसावल-मुंबई और भुसावल-पुणे खंडों के यात्रियों के लिए क्रमशः 74 जोड़ी गाड़ियां और 28 जोड़ी गाड़ियां पहले से उपलब्ध हैं। भुसावल, पुणे और मुंबई में टर्मिनल संबंधी तंगियों के अलावा परिचालनिक कठिनाइयों और संसाधनों की तंगी तथा मार्गवर्ती खंडों पर मार्ग की तंगी के कारण भुसावल से मुंबई/पुणे तक अतिरिक्त गाड़ियां चलाना, फिलहाल व्यावहारिक नहीं है।

****

mm